आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 05.04.2024
समय 1830

**पहले मुख्य समाचार :–**

- उपराष्ट्रपति ने मसूरी में आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों से सार्वजनिक सेवा के प्रति उत्कृष्टता, अखंडता और प्रतिबद्धता को अपनाने का आहवान किया।
- कांग्रेस ने चुनावी घोषणापत्र में अगले तीन वर्षों में 23 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने और देश में अधिक रोजगार सृजन का वायदा किया।
- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हरिद्वार में रोड शो कर भाजपा के समर्थन में मतदान की अपील की।
- और ....... रिजर्व बैंक ने लगातार सातवीं बार रेपो दर को 6 दशमलव 5 प्रतिशत पर बनाए रखा, मौजूदा वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान।

**उपराश्ट्रपति**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आईएएस अधिकारी प्रशिक्षुओं (2023 बैच) के समापन समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से सार्वजनिक सेवा के प्रति उत्कृष्टता, अखंडता और प्रतिबद्धता को अपनाने का आह्वान किया। नागरिकता संशोधन अधिनियम के बारे में फैलाई जा रही भ्रांतियों के प्रति आगाह करते हुए, श्री धनखड़ ने कहा कि यह कानून किसी भी भारतीय नागरिक को उसकी संपत्ति से वंचित नहीं करता और न ही यह किसी को भी भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से रोकता है। श्री धनखड़ ने कहा कि यह कानून पड़ोसी देशों के प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों को सहायता प्रदान करता है। इससे पहले, श्री धनखड़ ने अकादमी में पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री और पूर्व उप प्रधान मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति के उत्तराखंड आगमन पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने उनका स्वागत किया।

**घोशणा पत्र–कांग्रेस**

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने आज नई दिल्ली में जारी घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में प्रतिदिन चार सौ रूपये की न्यूनतम मजदूरी की गारंटी, प्रत्येक गरीब परिवार को प्रतिवर्ष एक लाख रूपये, केन्द्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत सीटों का आरक्षण का वायदा किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना के वायदे भी घोषणा पत्र में शामिल हैं। कांग्रेस ने अगले दशक में 23 करोड लोगों के जीवन में सुधार लाकर गरीबी समाप्त करने का भी वायदा किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी का घोषणा पत्र पंच न्याय यानी न्याय के पांच स्तम्भों पर आधारित है।

**रोड भाो**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव का प्रचार जोर पकड़ने लगा है। भाजपा और कांग्रेस के प्रचारक चुनावी मैदान में उतरने लगे हैं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज हरिद्वार में रोड शो किया। हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार त्रिवेन्द्र सिंह रावत के समर्थन में आयोजित रोड शो में श्री नड्डा ने जनता से भाजपा को समर्थन देने की अपील की। इसके बाद श्री नड्डा ने ऋषिकुल मैदान में त्रिशक्ति सम्मेलन को संबोधित किया। कांग्रेस पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए श्री नड्डा ने कहा कि देश में भाजपा ही एक मात्र विचारधारा आधारित पार्टी है, बाकी किसी भी राजनीतिक पार्टी की कोई विचाारधारा नहीं है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मालाराज्य लक्ष्मीशाह के समर्थन में टिहरी के थत्यूड में चुनावी रैली किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनता से भाजपा को समर्थन देने का आह्वान किया।

**प्रचार अभियान– कांग्रेस**

प्रदेश की पांचों लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने अपने प्रचार अभियान को तेजी दे दी है। पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर समर्थन मांगने पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने आज भीमताल और नथुआखाना विधानसभा क्षेत्र में अपने प्रचार अभियान को तेजी देते हुए कांग्रेस के पक्ष में समर्थन मांगा। उन्होंने बिन्दुखत्ता क्षेत्र में भी जनता से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। उधर, अल्मोड़ा लोकसभा सीट

से प्रदीप टम्टा के समर्थन में कपकोट व बागेश्वर विधानसभा में कांग्रेस महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कार्यकर्ताओं के साथ नुक्कड़ सभाएं आयोजित की, जिसके जरिए कांग्रेस पार्टी को वोट देने की अपील की गई।

**मतदाता जागरूकता**

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप द्वारा चलाया जा रहा अभियान उत्तरकाशी जिले में नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान को प्रख्यात पर्वतारोही बछेन्द्रीपाल का भी समर्थन मिला है। उन्होंने 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दिन सभी लोगों से मतदान करने की अपील की है।

**प्रशिक्षण**

प्रदेश में दिव्यांग और बुर्जुग मतदाताओं को घर से ही मतदान की सुविधा दी जा रही है। होम वोटिंग का पहला चरण 9 अप्रैल तक सम्पन्न होगा। इस दौरान जो मतदाता, मतदान करने से छूट जाएंगे वे 11 अप्रैल को मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को घर से ही मतदान कराने के लिए प्रदेशभर में मास्टर ट्रेनर मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसके तहत पौड़ी जिले में दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को घर से ही मतदान करवाने के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर आशीष चौहान ने कहा कि जिले में 85 वर्ष आयु वर्ग के 1 हजार 3 सौ 96 और 3 सौ 15 दिव्यांग मतदाता हैं, जो बैलेट पेपर से मतदान करेंगे।

**चुनाव आयोग**

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नगर निकायों ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। ऊधमसिंह नगर जिले के नगर निगम, काशीपुर ने महिला स्वयं सहायता समूह और स्वच्छता समितियों को आम जनता को शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। अब तक काशीपुर नगर निगम क्षेत्र के करीब 38 प्रतिशत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा चुका है।

**पहल**

लोकसभा चुनाव में तैनात कार्मिकों के काम को आसान बनाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, चम्पावत ने अभिनव पहल की है। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पाण्डेय नबताया

कि मतदान संबंधित सभी प्रशिक्षणों की जानकारी के लिए एक पेन ड्राइव तैयार की गयी है, जिसमें मतदान से पूर्व प्रशिक्षण की सभी जानकारियां उपलब्ध हैं। ये पेनड्राइव पीठासीन को उपलब्ध कराई गई हैं।

## रिजर्व बैंक

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने लगातार सातवीं बार रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की और रेपो रेट को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर ही रखा। श्री दास ने कहा कि वित्त वर्ष 2024–25 में सकल घरेलू उत्पाद दर सात प्रतिशत पर रहने की संभावना है। पहली तिमाही में इसके सात दशमलव एक प्रतिशत, दूसरी तिमाही में छह दशमलव नौ प्रतिशत तथा तीसरी तथा चौथी तिमाही में सात प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। रिजर्व बैंक के गर्वनर ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति चार दशमलव पांच प्रतिशत पर रहने की संभावना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2022 के सात दशमलव आठ प्रतिशत की तुलना में मुद्रास्फीति में महत्वपूर्ण कमी आई है, लेकिन अब भी यह सरकार के चार प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक है।

## यू.पी.आई नकद राशि जमा सुविधा

भारतीय रिज़र्व बैंक जल्द ही यूपीआई के माध्यम से नकद राशि जमा कराने की सुविधा लाने जा रहा है। फिलहाल यूपीआई का इस्तेमाल पैसा निकालने एवं अंतरित करने के लिए किया जाता है। रिजर्व के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि इस सुविधा से उपभोक्ताओं को नकदी जमा कराने में आसानी होगी, जिससे बैंकों की नकदी लेनदेन प्रक्रिया और सक्षम होगी। आरबीआई ने प्रीपेड भुगतान माध्यम–पीपीआई वॉलेट से यूपीआई भुगतान के लिए थर्ड पार्टी यूपीआई ऐप्लिकेशन के इस्तेमाल का प्रस्ताव किया है। इससे उपभोक्ताओं की सुविधा बढेगी और छोटी लेनदेन के लिए डिजिटल भुगतान को बढावा मिलेगा।

## चारधाम

चारधाम यात्रा को लेकर पुलिस और प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी के तहत चमोली के पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर सुरक्षित

यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने  पुलिस कर्मियों को यात्रा मार्ग पर संवेदनशील स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए।

## पंजीकरण

केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए पंजीकरण जारी हैं। अब तक प्रदेश में साढे सात हजार से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। केंद्रीय विद्यालय संगठन देहरादून संभाग में चार दिनों में ही पहली कक्षा के लिए निर्धारित सीटों के मुकाबले चार गुना से ज्यादा पंजीकरण हो चुके हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है।

## और अब संक्षिप्त में समाचार

चमोली जिले में गठित जिला आपदा मोचन बल के 26 सदस्यों को नेहरू पर्वतारोहण संस्थान उत्तरकाशी में 28 दिनों का विशेष बुनियादी पर्वतारोहण कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया।

टिहरी जिले के पौखाल रेंज के तहत पिलखी व पटागली गांव के जंगलों में आग लगने से 2 हेक्टेयर से अधिक वन संपदा को नुकसान पहुंचा है।